
akfunworld
presents...




www.akfunworld.wordpress.com

SUPERMAN (HINDI EDITION) 2 published by Gotham Entertainment Group L.L.C., New Jersey, USA under licence from DC Comics, USA. For sale in India, Pakistan, Nepal, Sri Lanka, Bangladesh and Burma only. Copyright ©, DC Comics. All Rights Reserved. All characters featured in this issue, the distinctive likenesses thereof, and all related indicia are trademarks of DC Comics. No portion of this product may be reproduced or transmitted without the express written permission of DC Comics. The stories, characters and incidents mentioned in this magazine are entirely fictional. For advertising and sales info in India please contact : 2CA Ventures, 109 A & B Ramanashree Chambers, 37 Lady Curzon Road, Bangalore 560 001 or e-mail us at sales@gothamcomics.com.



SUPERMAN
Created by JERRY SIEGEL & JOE SHUSTER
HEART OF STONE
तुम जो कोई भी हो, बाहर आओ !
John Byrne: story & pencils
Terry Austin: guest inker
John Costanza: letterer
Tom Ziuko: colorist
Andrew Helfer: Editor




हम्म....
कोई नहीं...
इस जगह को देखकर तो लगता है...
...कई हफ़्तों से यहाँ कोई नहीं आया होगा
आश्चर्य...
इस तरह की सुसज्जित प्रयोगशाला को आख़िरकार क्यों कोई छोड़ सकता है ?
ख़ासकर दीवारों पर सीसे की परत चढ़ाने का कष्ट उठाने के बाद ।
शायद ये मेरी एक्स-रे दृष्टि को रोकने के इरादे से किया गया हो
कुछ छिट-पुट सुपर-विलन की रुकावटों को झेलने के वक़्त को छोड़कर लगभग तीन महीनों से मैं इस जगह का राज़ जानने में लगा हूँ
...उस दिन से, जब मैने क्रिप्टान ग्रह से पृथ्वी पर मुझे लाने वाले रॉकेट के ..
...मुझे गोद लेने वाले पिता के खेत में उसे छुपाई गई जगह से चुरा लिए जाने के बारे में जाना
अजीब है...
अभी भी विश्वास नहीं होता कि माँ और पापा केंट मेरे असली माता-पिता नहीं... मैं अन्य ग्रहवासी हूँ !
ये बात नहीं कि अन्य ग्रहवासी... ख़ासकर मानवीय अन्य ग्रहवासी.. कोई नई बात हो ।
हॉकमैन, थांगार ग्रह का वासी है ।
ग्रीन-लैंटर्न को शक्तिवान अँगूठी .. जो कि विश्वभर का अनोखा अस्त्र है.. एक मर रहे अन्य ग्रहवासी ने ही दिया था
र तरह से मैं अपने आप को एक मानव की तरह महसूस करता हूँ, क्रिप्टोनियन नहीं ।
हूँ.. एक और सीसे की परत चढ़ा कमरा ! पता नहीं इसमें क्या छिपा है !
2


...यहाँ
ये मैं कैसी जगह आ गया हूँ ??
सूपरमैन का पहला चर्च ?
पूरा कमरा मेरे सम्मान में बनाए गए मंदिर जैसा है !
कम्पयटर से तैयार मेरे चित्र । सही नाप । मेरा क़द । अनुमानित वज़न ।
रे बारे में जानने के लिए कोई, कुछ ज़्यादा ही वक़्त लगा रहा है !
और साथ में मेरे फ़ोटोग्राफ़ भी लिए हैं ! इनसे बचने के लिए मुझे कुछ ज़्यादा ही सावधान रहा हूँ !
मैं अपने नगर स्मॉलविल में, क्लार्क केंट के नाम से जाने जा रहे सूपरमैन के चित्र पहचाने जाने का जोख़िम नहीं उठाना चाहता !
इस जगह के मालिक को मेरा फ़ोटो आख़िर कैसे मिला होगा... जब तक कि..
हाँ, शायद यही बात रही हो, कुछ साल पहले जब मैं मेट्रोपोलिस जनरल अस्पताल से बाहर आया था कि अचानक किसी ने मेरा फ़ोटो खींचा था ।
कहीं वो...
ह...लोsss!!




मरा हुआ मेरे ख़्याल से इसे मरे लगभग छः हफ़्ते हुए होंगे !
गर्दन टूटी हुई... किसी भारी शक्तिशाली चीज़ से बुरी तरह वार किया गया
और हाँ, मेरी माइक्रोस्कोप दृष्टि इस बात की पुष्टि करती है कि इसकी उंगलियों के निशान वही है, जो मैंने बाहर ट्रक पर
वही ट्रक, जिसकी ख़ोज में मैं यहाँ आया, जिसमें स्मॉलविल से मेरे रॉकेट को चुराकर लाया गया ।
पर आख़िर ये आदमी कौन हो सकता है ?
मैंने इसे पहले कभी नहीं देखा । ना ही डेली प्लानेट अख़बार के किसी फ़ाइल फ़ोटो में, जहाँ मैं अपनी असली पहचान के साथ काम करता हूँ !
ये जगह तो एक से बढ़कर एक रहस्यमय बातों को उजागर कर रही है ।
और ये क्या है ?
एसिड की बड़ी टंकी !
न तो टंकी की दीवारों को खा जाने जितनी क्षयकारी लगती है
या मेरे लिए नुक़सानदेह..
लेकिन जो कुछ भी इसमें डाल दिया जाए, उसे घोलने जितनी तेज़ तो है ही !
ये तो इन्सान की हड्डी के अंश हैं
बात तो बड़ी गंभीर होती जा रही है !
मेट्रोपोलिस के पुलिस-दल द्वारा भेजे गए विशेष सिपाही के तौर पर मुझे स्थानीय अधिकारियों से संपर्क कर के ये सब बातें रिपोर्ट करनी होगी ।
लेकिन ज़ाहिर है कि मेज पर उस मृत दोस्त को मेरे रहस्यमय जन्म के बारे में ज़रूरत से कुछ ज़्यादा ही जानकारी थी ।
इसलिए इन सब की तह तक पहुँचने तक..


मुझे ग़लत लोगों को..
इस जगह तक पहुँचने से रोकना होगा
और अब बिना देरी किए मुझे..
ताक-झाँक करने वाली निगाहों से दूर, पूरी इमारत को ले जाना होगा
ये लो ! सूपर गति से लैब के चारों ओर खाई खोदते हुए मैंने अपनी गरम दृष्टि से मिट्टी की सिलिका कणों को लोहे जैसा कड़ा बना दिया !
अब मैं पूरे कॉम्पलेक्स को उठा सकता हूँ !
और धरती माता की गोद से उसे दूर ले जा सकता हूँ !
हूँ.. अब लगता है कि लैब हल्का हो गया है, तभी मैं उसे उठाने के लिए शारीरिक बल का उपयोग करने की जगह उसे लेकर उड़ पा रहा हूँ !
मैंने यह असर पहले भी कई बार महसूस किया है !
ज़ाहिर है, मैं चीज़ों को उसी तरह उड़ा सकता हूँ, जैसे ख़ुद अपने को ! अपनी ताक़त से नहीं, बल्कि अपनी इच्छा शक्ति से !
ठीक है.. अब पृथ्वी के वातावरण से दूर आ गए हैं !


लो !
मैंने इसे लेगरेंज पाइंट पर टिका दिया है, जहाँ धरती और चाँद की चुम्बकीय शक्तियाँ मिलकर स्थिरता क्षेत्र बनाती है।
यह यहाँ हमेशा के लिए लटकता रहेगा।
या जब तक कि मैं इसे यहाँ से न निकालूँ !
अंतरिक्ष की लगभग शून्य स्थिति लैब में सभी सुराग़ तब तक बचाकर रखेगी...
..जब तक कि मैं इसे पुलिस के हवाले न कर दूँ !
पर अब...
मुझे एक ज़रूरी मुलाक़ात के लिए देरी हो गई है।
जिसको तय करने में मुझे कई हफ़्ते लग गए।
और क्लार्क केंट ये मौक़ा गँवा नहीं सकता !
तो यहाँ हो तुम ! मैं और इंतज़ार करना छोड़कर घर लौटने ही वाली थी, केंट !
ये क्या बात हुई, लोइस !
मुझे तो सिर्फ़ चार मिनट की देरी ही हुई है।


ार मिनट, पूरी ज़िंदगानी के बराबर है, केंट ! हिंडेनबर्ग को धमाके में उड़ने में कितना समय लगा था ? और ऑस्वाल्ड को केनडी पर गोली चलाने में ?
या सूपरमैन को इम्राहान में बंधक लोगों को बचाने में ?
मैं सज़ा के लिए तैयार हूँ ...
फ़िर भी, इतनी देर रुकने के लिए शुक्रिया !
इतने मासूम बनने की ज़रूरत नहीं, केंट । इस मासूमियत के बिना भी तुम प्यारे लगते हो !
मैं इसलिए रुकी रही कि आज सुबह तुमसे मिलने के लिए मुझे मनाने में तुमने कोई कसर नहीं छोड़ी...! ठीक है, तुमने चार मिनट के बराबर ब्राउनी पाइंट जीत लिए !
शुक्रिया !
मुझे वाक़ई ख़ुशी है कि तुम आने के लिए तैयार हो गई, लोइस !
...और मैं वाक़ई ख़ुशगवार हूँ कि लोग मुझसे आकर्षित हुए बिना नहीं रह सकते !
...ओह...अब इतना ख़ुश होने की भी ज़रूरत नहीं क्लार्की !
इनकार का भी अपना मज़ा है... और मैं हमेशा ऐसा करती रहूँगी !
हालाँकि तुम्हें कोई एतराज़ नहीं होगा, अगर मैं तुम्हारी सहनशीलता की परीक्षा लूँ !
ये तुम्हारी ज़िंदगी है, केंट ! लेकिन जब तक तुम्हें ख़ुद को बदलने का कोई जादुई तरीक़ा नहीं आता, तुम वो शक्स बन नहीं सकते, जो सूपरमैन पर सबसे पहले विशेष लिखने में मुझसे बाज़ी मार ले !
ओह, मैं अपना साँस लंबे समय तक रोक सकता हूँ, लोइस !
ये क्या कम है कि तुमने मुझे गाली देने की जगह अपना प्रतियोगी माना !
...ठीक है... पर अपनी साँस मत रोके रहो !
ख़ुद को सँभालो केंट !
और लगाओ दौड़ ...थोड़ा पसीना तो बहे तुम्हारा !
लोइस के साथ ये लुका-छिपी का खेल बहुत मुश्किल है । सचमुच उस जैसी ज़िंदादिल लड़की मैंने और कहीं नहीं देखी ।
मुझे पता है अगर वो जान जाएगी कि मैं ही सूपरमैन हूँ, तो उसे मेरी बाँहों में आने में देरी नहीं लगेगी !
लेकिन वैसे उसे जीतने का कोई मज़ा नहीं । मुझे क्लार्क केंट बनकर ही उसका दिल जीतना होगा...!
BBRRAAAMMM
ये क्या...


GIANT SUPER SPECIAL
GREEN LANTERN™
FREE PULL-OUT POSTER WITH ISSUE!!
ON SALE NOW!
THE GREATEST COMICS ARE GOTHAM!
GOTHAM COMICS
GREEN LANTERN TM & © 2003 DC Comics



SAVAGE!
THE INCREDIBLE HULK
ON SALE EVERY MONTH!
THE GREATEST COMICS ARE GOTHAM!
GOTHAM COMICS




कॉमर्स बैंक का ऑटोमैटिक अलार्म !
लगता है कोई पैसे निकालने के लिए इंतज़ार नहीं कर सका ।
चलो केंट !
लोइस, मिस्टर वाइट ने तुम्हें ख़बरों के लिए अपनी जान जोख़िम में डालने से बारंबार मना किया है !
बैंक के अंदर बंदूकधारी लोग भी हो सकते हैं ।
और तुम जानते हो, पेरी वाइट अपने ज़माने का महान एम्बयूलेन्स चेसर था, केंट !
वाक़ई वो नहीं चाहेगा कि हम हाथ पर हाथ धरे बैठे रहें और टी.वी. वाले सनसनीख़ेज़ ख़बरों की बाज़ी मार ले जाएँ !
अब भगवान के लिए चुप भी करो !
देखो... देखो तो बाहर वाले दरवाज़े को !
इन्हें पूरी तरह उखाड़ दिया गया है और इनका आकार भी मुड़-मुड़ा गया है !
वाह !
यहाँ जो भी रहा हो, वो ज़रूर सुपरमैन जैसा शक्तिशाली रहा होगा !
नहीं मीस लेन !
और ज़्यादा !
बहुत... बहुत ही ज़्यादा शक्तिशाली !
हेऽऽ... !
8


ये कौन है ?
इतना लंबा-चौड़ा ?
और ये लोइस को तकलीफ़ पहुँचा रहा है !
कुछ तो करना होगा !
सूपरमैन की ताक़त का इस्तेमाल नहीं कर सकता !
पर... ख़ुशक़िस्मती की क्लार्क केंट भी अच्छी डौल-डौल रखता है
SHUNK!
बेवकूफ़ !!
ऊँऽऽऽ..
मुझ पर इस वार का कोई असर नहीं हुआ ! पर मुझे दिखावा करना होगा !
अगर मैं उसके वार को रोकने की कोशिश करूँ, तो उसका हाथ टूट सकता है !
और ये मुझे उठाकर पटकने का मौका होगा..
THERE'S STILL TIME
HOME IMPROVEMENT LOANS
11.3%
...जहाँ मैं नज़रों से ओझल काउंटर के पीछे गिर सकता हूँ !


जो मैंने कहा, सुना नहीं केंट ?
हाँ, मैं जानता हूँ तुम कौन हो ! ङ डेली प्लेनेट ङ के साहसी लेखक लोइस लेन और क्लार्क केंट !
हाँ तो तुम दोनों का सामना इस बार ज़ोरदार ख़बर से हुआ है...
...मेटालो की ख़बर !
जो सूपरमैन का काम तमाम करने वाला है !
मेटालो ?
तुम ज़रूर मज़ाक कर रहे हो !
आख़िर ये नाम तुमने चुना कहाँ से !
सभल भी जाओ अब! ज़्यादा मेहनत मत करो !
अभी नहीं !
मेरा मेटालो !
मेरी जीत !
akfunworld
मेरा मज़ाक मत उड़ाओ, लेन !
मैंने मज़ाक में बात नहीं कही थी कि मैं सूपरमैन जितना शक्तिशाली हूँ !
एक छोटी मरोड़ और केंट तुम्हारी शोक गाथा लिख रहा होगा !
मुझे नहीं लगता !
उसे नीचे उतारो !
अभी !
HAVE YOU OPENED YOUR IRA YET?
सूपरमैन !
मैं जानता था, तुम आओगे ! बैंक को लूटने की ये मेरी कोशिश, ज़रूर तुम्हें यहाँ खींच लाएगी !


हमेशा खुश करने को तैयार !
कैसे रहेगा, अब अगर तुम और मैं पास के प्रीसिंक्ट हाउस तक चार क़दम चलें तो !
क्यों नहीं, सूपरमैन !
तुम जैसे चाहो !
लेकिन पहले...
KROM
...ओह..
...उसने पहले ही अपनी मुट्ठी भींच रखी होगी...
...याद नहीं पड़ता कि कभी इतनी ज़बरदस्त वार मैंने खाई थी !
WHONG!
ऐसे लगा, जैसे एक पल के लिए मेरी अपराजेयता मिट ही गई !
अभी भी मुझे चक्कर सा आ रहा है !



लेकिन... ये मुझे रोक नहीं सकता... लोइस अभी भी उस बदमाश के साथ अकेली है!
अलार्म की घंटी सुनकर, पुलिस के पहुँचने और गोली चलाने से पहले मुझे उसे बाहर निकालना होगा!
एक नौसीखिए के लिए कोई बुरा नहीं दोस्त!
क्या पेशेवर खिलाड़ी बनना चाहोगे?
सुपरमैन! अपनी मौत के लिए कितने बेचैन हो!
मरने से पहले लाशों की गिनती मत करो, मुशटंडे!
देखते नहीं! मैं अभी ज़िंदा हूँ!
वाह...!
सूपरमैन वाक़ई इसके छक्के छुड़ा रहा है!
अगर सचमुच मेटालो उतना ही ताक़तवर है, जितना कि बताता है तो पूरी इमारत मिट्टी का ढेर बन जाएगी!
मुझे अब...
वहाँ से क्लार्क को बाहर निकालना होगा!
मेटालो ने जब उसे कमरे में उठाकर फेंका, तब से चूँ तक की भी आवाज़ नहीं आई!
केट?
केट... तुम...?
?!?


सुपरमैन ने उसे बाहर निकाला होगा, नीचे के रास्ते से और फिर सामने के दरवाज़े से आ गया होगा !
केंट की ख़ुशक़िस्मती का एक और उदाहरण !
और रही बात सुपरमैन की ...
लगता नहीं कि उसे कोई क़ामयाबी मिल रही है !
मुझे... समझ में नहीं आ रहा...
इस गँवार से भी दुगुने आकार के बदमाशों से मैं भिड़ा हूँ, पर पलक भी नहीं झपकाया !
लेकिन... अब ऐसा लगता है, जैसे मेरी सारी शक्तियाँ छिनती जा रही है !
COMMERCE BANK OF METROPOLIS
देखा ना, सुपरमैन ? देखा ?
मैंने कहा था ना, मैं तुमसे ज़्यादा ताक़तवर हूँ ! और ये भी कि मैं तुम्हें मार डालूँगा !
अब मैं वही करने जा रहा हूँ !
एक.. सवाल ..!


क्यों ?
क्या ... तुमने मेरा क्या किया ?
मैंने तुम्हें बचाया ! तुमने दुबारा जन्म लिया है !
मैं तुम्हें नहीं जानता ! मैंने तुम्हें पहले कभी नहीं देखा !
देखो ! अपनी शक्ल देखो !
शक्तिशाली ! ताक़तवर !
मुझ पर वार क्यूँ ? मुझे क्यूँ मारना चाहते हो ?
किसी अन्य मानव से ज़्यादा शक्तिशाली !
ख़ुद सूपरमैन से ज़्यादा ताक़तवर !
तुम हो कौन, मेटालो !
कौन !
और जल्द ही तुम अपनी शक्ति का नमूना दिखा दोगे !
तुम सूपरमैन को मार डालोगे !
14



क्यों ? कौन ? ये दो प्रश्न हैं, सूपरमैन !
और क्या तुम जानते हो ?
मैं इनमें से किसी एक का भी जवाब देना नहीं चाहता !
वो..
सूपरमैन के मरने का समय !
वो... मुझे... क्या कर रहा है ?
मेरी सारी शक्ति ख़त्म होती जा रही है !
कोई शक्ति... बची नहीं !
ये ऐसे ख़त्म नहीं हो सकती !
यदि मैं अनुकूल स्थिति पा जाऊँ..
..बस...एक सेकेंड के लिए
BANKCHECK
हssss!!
और नहीं बच्चू ! तुम्हारा खेल ख़त्म हुआ !
BRRRRR RRRRRRRR RRRRRRRR RAAAAPPP!!!
15


JUSTICE LEAGUE
A NEW COMIC BOOK MAGAZINE BASED ON THE HIT ANIMATED SERIES. CHECK YOUR LOCAL NEWSSTAND.



NEW SUPER SPECIAL!
MARVEL
マーベル
MANGAVERSE®
FREE PULL-OUT POSTER WITH ISSUE!!
ON SALE NOW!
THE GREATEST COMICS ARE GOTHAM!
GOTHAM COMICS
MARVEL MANGAVERSE © 2003 MARVEL CHARACTERS INC.


सूपरमैन !
तुम ठीक तो हो ?
क्या तुम खड़े हो सकते हो ?
PRIME RATE
मैं ठीक हो रहा हूँ, लोइस !
मेरी शक्ति लौटती नज़र आ रही है !
और मेरी सुपर ज्ञानेन्द्रियाँ भी ! मुझे मेटालो की धड़कन सुनाई नहीं दे रही !
तो... वो मर गया ? सब कुछ इतनी जल्द ख़त्म हो गया ? बिना ये जाने कि आख़िर वो था कौन ?
ओह, मुझे यक़ीन है कि पुलिस जल्द ही उसकी असली पहचान का पता कर लेगी, लोइस !
मेरी असली चिंता ये जानने की है कि उसने मेरी शक्तियाँ निचोड़ लेने के लिए आख़िर किया क्या ?
और मुझे ये तुम्हें दिखाने में ख़ुशी होगी, सूपरमैन !
क्या ?
तुम अभी ज़िंदा हो ?
इसमें क्या शक़ है !
तुम अभी नहीं समझे ? क्यूँ सूपरमैन ?
तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते ! मुझे तुम मार नहीं सकते !
पर मैं तुम्हारा काम तमाम कर सकता हूँ !
सूपरमैन को मार डालोगे ? होश ठिकाने तो हैं, बूढ़े ? कोई ये काम नहीं कर सकता !
नहीं ! एक आदमी कर सकता है ! ऐसा हो सकता है, क्योंकि उसे नुक़सान पहुँचाने वाली एक चीज़ इस धरती पर है !
क्रिप्टोनाइट !



क्रिप्टोनाइट ?
ये क्या बला है ! मैंने कभी सुना भी नहीं ।
हाँ.. किसी ने नहीं सुना । कोई नहीं जानता कि धरती पर उसका अस्तित्व है ... कोई नहीं जानता.. सिवाय मेरे
ख़ुद सूपरमैन नहीं जानता !
पर मैं जानता हूँ, और इससे भी बढ़कर कुछ और जानता हूँ... सूपरमैन का महान रहस्य !
मैं जानता हूँ कि सूपरमैन सच्चाई, न्याय और अमरीकी तौर-तरीक़ों का महान रक्षक..
.वास्तव में अंतरिक्ष का हमलावर है !
क..क्या ? कहीं तुम पागल तो नहीं ?..
नहीं !
आओ देखो... मैंने पैंतीस सालों से अंतरिक्ष को निहारा है ।
वहाँ जो ख़तरा है, उसे देखता रहा । जब मेरे साथी वैज्ञानिक, मुझ पर हँसते रहे .. मैं देखता रहा !
फ़िर अठाइस साल पहले... मैं सही साबित हुआ ! मैंने अंधेरों की गहराइयों में एक अंतरिक्ष-यान को देखा, जो धरती पर कैनसास में उतरा ।
ये अंतरिक्ष-यान..
जिसके ज़रिए सूपरमैन यहाँ भेजा गया था, एक मासूम बच्चे के रूप में !
एक नादान दंपत्तियों ने जिसे पाया और अपनाया । वो हमारे बीच एक ज़हरीले साँप की भाँति बसाया गया ।
पर मैं समझा नहीं ! जो तुम कह रहे हो, वो शायद सच हो ... पर सूपरमैन तो महान हीरो है !
वो कोई घुसपैठिया नहीं !
नहीं... वो घुसपैठिया ही है !
मुझसे बहस मत करो । वो अन्य ग्रहवासी सैकड़ों की संख्या में हैं...
उसके असली पिता ने रॉकेट में संदेश भेजा, जो किसी अन्य ग्रह की भाषा में है.. पर मैं उसके कुछ हिस्से का अनुवाद कर पाया !
जो सूपरमैन के क्रिप्टान नामक ग्रह की चर्चा करता है ।
और उस ग्रह के विनाश की भी !
बरसों पहले क्रिप्टान ग्रह धमाके में उड़ गया
और मेरा मानना है कि क्रिप्टानिड्नों ने विश्व को जीतने के लिए अंतरिक्ष में अपने जासूस भेजे ..
..और ऐसे सूपरमैन धरती पर आया
और अपने साथ इत्तफ़ाक से अपने ही विनाश का सामान ले आया !
अपने विनष्ट क्रिप्टान का एक अंश.. जिस धातु को मैं कहता हूँ...
...क्रिप्टोनाइट !



मैंने आज के दिन के इंतज़ार में ख़ुद को तैयार करते हुए, मानव विज्ञान के सभी क्षेत्रों के अध्यन में बरसा बिताए हैं
ऐसा दिन... जब मैं अपने पसंदीदा योद्धा को दुनिया में भेज सकूं। कभी ख़त्म न होने वाले शक्ति के स्रोत के रूप में इस क्रिप्टोनाइट के टुकड़े के साथ !
मैं कोई निकम्मा आदमी नहीं, जिस पर पुलिस अपने स्वाट टीम को इस्तेमाल कर सके, सुपरमैन !
अब और नहीं !
उफ़्फ़ !
ये रहा, यूरानियम की जगह इस क्रिप्टोनाइट को रखकर ..
.. मैं तुम्हें अब तक के किसी भी शक्तिमान मानव से ज़्यादा ताक़तवर बना दूंगा !
मैंने अपने शरीर को दुबारा गढ़ा है, जो एक कार-दुर्घटना में मरम्मत के क़ाबिल नहीं रहा ।
लेकिन मेरा दिमाग़ बचा रहा... मेरा दिमाग़ ज़िंदा है !
और तुम्हारे रोबॉट हाथों में ये प्लास्टेक्स दस्ताने जोड़कर..
तुम्हारा हुलिया पूरी तरह बदल गया है । अब तुम मेटालो हो !!
मैं अब हमेशा के लिए ज़िंदा रहूंगा, सुपरमैन ! मेरा शरीर तब तक नहीं थकेगा..
..जब तक कि क्रिप्टोनाइट दिल से इसमें शक्ति का संचार होता रहे !
क्रिप्टान ?!!
अब मैं महा शक्तिशाली हूँ !
अब मुझे तुम्हारी और ज़रूरत नहीं... क्यूँ बूढ़े ?
क्या..?
नहीं !
मत करो
उह..ह..
KREK-K
हाँ, सूपरमैन क्रिप्टोनाइट । तुम्हारे अतीत के एक चट्टान का खंड !
जिस ग्रह में तुम पैदा हुए थे, वहाँ से
क्या..?


मिस्टर एल ?
माफ़ करना बॉस... लेकिन टी.वी. पर मैं आपको दिखाना चाहती थी !
LIVE
LIVE
कोई बात नहीं, पर्ल ! वैसे भी मैं अपना काम लगभग पूरा कर चुका हूँ !
बात क्या है ?
चैनल आठ पर एक्शन न्यूज़, बॉस ! सेंटिनियल एवेन्यू में कॉमर्स बैंक के पास उनका क्रियू खड़ा है !
कोई सर्व-शक्तिमान, सूपरमैन की धज्जियाँ उड़ा रहा है !!
क्या ?!!
ACTION 8
बस इतना ही नहीं बॉस, ये मेटालो कहता है कि सूपरमैन कोई अन्य ग्रहवासी है !
मेटालो के पास कुछ है, जिससे वह सूपरमैन को मार डालेगा !
सूपरमैन को... मार डालेगा ?!!
13:03
नहीं.. नहीं.. ऐसा नहीं हो सकता !
मैंने सूपरमैन से वादा किया है कि उसकी मौत सिर्फ़ मेरे हाथों होगी !
और लेक्स-लूथर ने हमेशा अपना वादा निभाया है !


सूपरमैन !
सूपरमैन !
चलिए मिस लेन आपको यहाँ से चलना होगा।
बैंक-इमारत की इन दोनों ने जो हालत बनाई है, उससे यहाँ खड़े रहना ख़तरे से खाली नहीं है !
....अब
स..सूपरमैन...
सूपरमैन?
...सूपरमैन !
हा..हा..हा..
मैं जीत गया ! मैंने उसे हरा दिया !



...नहीं...
चाहे क्रिप्टोनाइट रहे.. ..या न रहे
ये खेल अभी ख़त्म नहीं हुआ !
कितने अफ़सोस की बात है ! क्या तुम ये भी नहीं समझ सकते कि कब तुम्हारा काम तमाम हुआ ?
आप... मौत की अच्छी बातें कर लेते हो...मेटालो !
लेकिन ... अभी भी ...ये सिर्फ़ बातें ही है !
ठीक है, सूपरमैन... क्रिप्टोनाइट दृष्टि मेरी शक्ति का केवल अंश मात्र है ।
अब बाकी का भी मज़ा चखो !
WHRRRRRRR
CLIK
आहह!!
क्रिप्टोनाइट की किरणें, तुम्हारी कोशिकाओं में से सौर-किरणों को बाहर कर देंगी, सूपरमैन !
वो तुम्हारी ताक़त, तुम्हारी शक्तियों के स्रोत को ही ख़त्म कर देगी !
और उसकी जगह हरी, चमकीली मौत से तुम्हें भर देगी !!




www.akfunworld.wordpress.com


वो चला गया... ??
सूपरमैन !!
लोइस... लोइस... क्या हुआ ? मेटालो...?
मैं नहीं जानती... सब कुछ इतनी जल्दी हुआ !
वह तुम्हारे ऊपर खड़ा था... फ़िर एक बड़ा काला साया आया
और वह... बस चला गया
लेकिन सूपरमैन...
वो क्या कह रहा था कि ... तुम अन्य ग्रहवासी..
हो..
क्या...
हाँ, ये सच है लोइस।
मैं पृथ्वी से नहीं हूँ। मैं यहाँ पला-बढ़ा । पर मैं क्रिप्टान नामक ग्रहवासी हूँ !
क्या... इससे कोई फ़र्क पड़ता है ?
नहीं ... मुझे तो ऐसा नहीं लगता.. पर तुमने हम सबसे यह क्यूँ छिपाकर रखना चाहा, सूपरमैन
नहीं... मैंने नहीं छिपाया !
पर ख़ुद मुझे इस बात का पता हाल ही में चला !
मैं जितना जानता हूँ, तुम्हें बताते हुए मुझे ख़ुशी होगी !
लेकिन... अभी नहीं लोइस !
तुम अभी भी मेटालो से परेशान हो ?
कि कहीं वापस न आ जाए !
..उसकी छाती में जो चट्टान का टुकड़ा है, उससे कुछ ज़्यादा तो परेशान नहीं करता वो, लोइस !
उसने जो क्रिप्टोनाइट के बारे में कहा, वह सच है !
वह मुझे ख़त्म कर सकता है, जैसे क्रिप्टान पर हर किसी को किया था !
और वो वहीं कहीं है !
किसी ने उसे पाने के लिए मेटालो को छीना है !
...और मैं जानता हूँ कि वो कौन हो सकता है!
समाप्त

/akfunworld /akfunworld




www.akfunworld.wordpress.com